तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

10 गौरगांव की सड़क जर्जर, स्वीकृत होने के बावजूद...

10 पुनर्वासित परिवारों को योजनाओं का दिलाएं ...




## खबर संक्षेप

### भगवान जगन्नाथ दर्शन के लिए लगा रहा तांता



**जगदलपुर।** ऐतिहासिक गोंचा महापर्व के छठवें दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा दर्शन और विशेष पूजा-अर्चना जारी रहा। आरण्यक ब्राह्मण समाज की देखरेख में पूजा-पाठ और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं। भगवान को नैवेद्य अर्पित किया गया और संध्याकालीन आरती में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। शाम होते ही मद्देड से आए बैंड ने सुमधुर गीतों से माहौल को भक्ति में भर दिया। प्रशासन और पुलिस की ओर से गुंडिचा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में पुतला दहन आज

**जगदलपुर।** युवा कांग्रेस व एनएसयूआई कल दिनांक 22 जुलाई को शाम 4 बजे राजीव भवन में दिल्ली जंतर मंतर में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज करने के विरोध में प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करेगा।

### आईटीआई बकावंड में 24 तक लेंगे आवेदन

**जगदलपुर।** बकावंड के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 और 2026-28 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थी पंजीकरण करा सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी और सुलभ बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन रखा गया है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24 जुलाई है। संस्थान प्रबंधन ने क्षेत्र के युवाओं से अवसर का लाभ उठाकर तकनीकी कौशल हासिल करने की बात कही है।

### प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 26 को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 26 जुलाई को होगी। सुबह 10 से दोपहर 12:15 बजे तक परीक्षा का समय तय है। जिला प्रशासन ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए 13 परीक्षा केंद्र बनाए हैं जिसमें 4,223 परीक्षार्थी शामिल होंगे।कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से ढाई घंटे पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना अनिवार्य होगा।

### एक जून से अब तक 359.7 मिमी. वर्षा दर्ज

**बीजापुर।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 359.7 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 500.1 मिमी. औसत वर्षा कुटरू में दर्ज की गई है। इसी तरह भैरमगढ़ में 496.8 मिमी. वर्षा, बीजापुर में 412.1 मिमी. वर्षा, भोपालपटनम में 310.6 मिमी. वर्षा, गंगालूर में 296.3 मिमी. वर्षा एवं उसूर में 142.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है।

### चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सनसीटी अटल आवास क्षेत्र में धारदार चाकू दिखाकर आम लोगों डरा धमकाकर भयभीत करने वाले रवि बघेल को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही नगर निरीक्षक लीलाधर राठौर के नेतृत्व में पहुंची टीम सनसिटी अटल आवास के पास पहुंची। वहां पर एक लड़का अपने पास रखे धारदार चाकू को लहराकर डरा धमकाकर भयभीत कर था।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में जुटा प्रशासन, 13 अगस्त को होगी फुल ड्रेस रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में समय-सीमा बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 अगस्त का आयोजन गरिमापूर्ण और भव्य तरीके से किया जाए। उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह लालबाग मैदान में आयोजित होगा। 13 अगस्त को सुबह 9 बजे फुल ड्रेस रिहर्सल की जाएगी। उन्होंने शासन से प्राप्त निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि 14 और 15 अगस्त को सभी प्रमुख शासकीय भवनों में आकर्षक रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के मामलों पर विशेष ध्यान देने और शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने घर पर प्रसव के मामलों पर नाराजगी जताते हुए मैदानी अमले को अधिक सक्रिय रहने को कहा। 23 जुलाई को बकावंड के सद्भावना भवन में विशेष सिकल सेल शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जहां सिकल सेल जांच के साथ यूडीआईडी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, श्रम कार्ड पंजीयन और राशन कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रत्येक गुरुवार सुबह 10 बजे 10 मिनट सफाई अभियान ▶▶|शेष पेज 10 पर

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आपदा प्रबंधन और विकास कार्यों की समीक्षा की



### खाद्यान्न का अग्रिम भंडारण कराएं

मानसून को देखते हुए कलेक्टर ने संभावित बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए तहसीलदारों को राहत केंद्र चिन्हित करने तथा खाद्यान्न का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तन्मय खन्ना, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 3 राज्यों से लगी सीमाओं पर वन चौकियां आधुनिक संसाधनों से होंगी लैस

# छत्तीसगढ़, तेलंगाना व महाराष्ट्र के वन अमले का बनेगा डिजिटल इंटेलिजेंस नेटवर्क ग्रुप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में हुई अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक

छतीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मंशानुसार एवं वन बल प्रमुख अरुण पांडे एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी ओपी यादव के निर्देशानुसार सीमावर्ती क्षेत्र के वनमार्गो में वन्यप्राणियों के रहवास क्षेत्र में वन और वन्यजीवों के संरक्षण-संवर्धन तथा वन अपराध प्रकरणों की रोकथाम के उद्देश्य से अंतराज्यीय वन्यप्राणी प्रबंधन एवं समन्वय के लिए 20 जुलाई को इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में सीमावर्ती राज्य छत्तीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र के वन क्षेत्रों की सुरक्षा और जैव विविधता के संरक्षण हेतु उच्चस्तरीय अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तीनों राज्यों के वरिष्ठ वन अधिकारियों की उपस्थिति में सीमावर्ती क्षत्रों में होने वाले वन अपराधों की रोकथाम हेतु एक मजबूत और एकीकृत त्रिराज्यीय रणनीति तैयार की गई।




बैठक में प्रमुख रणनीतिक निर्णय लिए गए, जिसमें अंतर्राज्यीय सीमा का सुदृढ़ीकरण तीनों राज्यों से लगी सीमाओं पर वन चौकियों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। लकड़ी तस्करी व अवैध अतिक्रमण पर सख्त चौकसी, निगरानी रखी जाएगी। डिजिटल इंटेलिजेंस नेटवर्क छत्तीसगढ़, तेलंगाना व महाराष्ट्र के वन अमले के मध्य त्वरित सूचना, आदान, प्रदान करने बाबत एक साझा डिजिटल संचार प्रणाली और व्हाट्सएप समन्वय ग्रुप बनाया जाएगा। कॉरिडोर व वन्यजीव विकास, टाइगर रिजर्व के प्राकृतिक गलियारों के संरक्षण, जल स्त्रोतों के विकास और स्थानीय ग्रामीणों को संरक्षण अभियानों से जोड़ने की योजना पर सहमति बनी। बैठक में उच्चअधिकारियों के साथ इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के क्षेत्रीय निदेशक सुश्री स्टायलो मंडावी, निदेशक संदीप बलगा सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

### संयुक्त रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी

*बैठक में चर्चा हुई कि संयुक्त गश्ती एवं एंटी स्नेयर वाक, सीमावर्ती जंगलों और संवेदनशील गलियारों में तीनों राज्यों के वन बल द्वारा समय समय पर एक समय पर सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त गश्ती एवं एंटी स्नेयर वाक कराये जाएंगे। एंटी, पोचिंग नाइट पेट्रोलिंग, बाघ, तेंदुए, वन भैंसा अन्य दुर्लभ वन्यजीवों के शिकार को रोकने हेतु विशेष एंटी, पोचिंग दस्तों द्वारा संयुक्त रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी।*

### वन अपराधों पर रहेगी निगरानी

*क्षेत्र निदेशक इंद्रावती टाइगर रिजर्व द्वारा महाराष्ट्र एवं तेलंगाना के वन क्षेत्र में अपराधी राज्य सीमाओं पर सक्रिय ना हो सके, इस बाबत तीनों राज्यों सिंगल यूनिट की तरह काम करेंगे। संयुक्त गश्त और रियल टाइम इंटेलिजेंस से वन अपराधों पर निगरानी रखने हेतु अवगत कराया गया।*

# नीट परीक्षा लीक मामला जेडीए ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ शासकीय चिकित्सा कालेज में प्रदर्शन

मेडिकल कालेज डिमरापाल में सोमवार की शाम को नीट परीक्षा पत्र लीक के विरुद्ध जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले के खि ला फ कार्रवाई की मांग की गई। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। जेडीए का मानना है कि परीक्षा पत्र लीक केवल एक परीक्षा में अनियमितता नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था, प्रतिभा और योग्यता पर सीधा प्रहार है। लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों तक कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन कुछ लोगों के भ्रष्ट आचरण के कारण उनकी मेहनत, मानसिक स्वास्थ्य और भविष्य गंभीर रूप से प्रभावित होता है। हाल के घटनाक्रमों ने परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं और इस विषय पर व्यापक चिंता देखी गई है।

### केंद्र व राज्य सरकारों से की मांग

परीक्षा पत्र लीक के मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच हो। दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाया जाए। ईमानदारी से परिश्रम करने वाले विद्यार्थियों के हितों और विश्वास की रक्षा की जाए। यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष में नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता, निष्पक्ष चयन प्रक्रिया और देश के युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए है। हर साल लाखों छात्र डॉक्टर बनने का सपना लेकर इस परीक्षा की तैयारी करते है, लेकिन कुछ लोगों की मिली भगत के चलते लाखों छात्रों का भविष्य अंधकार में आ जाता है।

# घर की मुखिया विधवा है तो टैक्स में मिलती है छूट : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ नगर निगम के मोहर्रिर टैक्स निकालने में कर रहे मनमानी

संपत्ति कर जमा करने की समय सीमा वैसे तो समाप्त हो गई है लेकिन जिन लोगों ने अभी तक अपना संपत्ति कर जमा नहीं किया है वे नगर निगम कार्यालय में टैक्स जमा कर सकते है। राजस्व अधिकारी राकेश यादव ने बताया कि जिन लोगों का टैक्स अधिक आया है वे निगम आयुक्त के नाम आवेदन देकर टैक्स का पुनः निर्धारण करवा सकते हैं। निगम के मोहर्रिर घर का नाप लेकर टैक्स निर्धारण करते हैं जिसका घर और दुकान एक ही मकान में है उसे कमर्शियल टैक्स की श्रेणी में रखा गया है। उसे अधिक टैक्स देना पड़ेगा। टैक्स प्रक्रिया की खामियां गिनाते नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि टैक्स को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। पहले श्रेणी 30 रुपए फुट की है। जिनका मकान मुख्य सड़क के किनारे है, वे लोग इस श्रेणी में आते है। दूसरी श्रेणी गली में स्थित मकान की है जो 23 रुपए फुट की है। तीसरी श्रेणी उस तंग गली की है जिसमें गरीब लोगों की बस्ती होती है वे 15 रुपए प्रति वर्ग फुट की श्रेणी में आते ▶▶|शेष पेज 10 पर

# एनएच ने 2 माह पूर्व फारेस्ट को दिया 17.60 करोड़ पर नहीं मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ स्वीकृति नहीं मिलने के चलते ठेका के बाद भी 6 पुल, सड़क का चौड़ीकरण शुरू नहीं

बस्तर जिले को सुकमा जिले से जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 सड़क 170 किमी में से 6.01 किलोमीटर की सड़क कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के नक्शे में होने के चलते इसका मजबूती एवं चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग ने कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान को पत्र भेजा, इस पर उद्यान ने राष्ट्रीय राजमार्ग को डिमांडनोट दिया। इस पर राष्ट्रीय राजमार्ग ने उद्यान को दो माह पूर्व ही 17 करोड़ रुपए एवं लगभग एक सप्ताह पूर्व 60 लाख रुपए यानि 17.60 करोड़ रुपए भुगतान किया गया। इसके बाद भी अब तक इस सड़क के मजबूती, चौड़ीकरण एवं 9 पुल निर्माण कार्य टेंडर होने बाद भी उद्यान की ओर से स्वीकृति नहीं होने के चलते ठेकेदार के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग का अनुबंध नहीं पा रहा ▶▶|शेष पेज 10 पर



# आत्मानंद विद्यालय बड़े चकवा में एक माह बाद भी नहीं पहुंची पाठ्यपुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ उपसरपंच की चेतावनी व्यवस्था नहीं सुधरी तो करेंगे तालाबंदी

शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए एक माह पूरा हो चुका है लेकिन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बड़े चकवा में कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को अब तक पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। पुस्तक वितरण में हो रही देरी को लेकर विद्यार्थियों, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है।

इस संबंध में ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए चेतावनी दी है कि यदि शुक्रवार तक विद्यालय में सभी कक्षाओं की पुस्तकें ▶▶|शेष पेज 10 पर




### पुराने व सीमित संसाधनों के आधार पर पढ़ाई

शिक्षक भी पुराने अथवा सीमित संसाधनों के आधार पर पढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, बावजूद विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कश्यप ने आरोप लगाया कि यह स्थिति राज्य सरकार और शिक्षा विभाग की लापरवाही को दर्शाती है। उपसरपंच ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बीएससी एग्रीकल्चर ग्रेजुएट युवती ने सरकारी मदद से स्वरोजगार को दी नई दिशा

# ग्रेसी ने खड़ी की एक करोड़ की आधुनिक सूकरपालन परियोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर क्षेत्र में पारंपरिक आजीविका से हटकर कुछ नया करने का जज्बा अब ग्रामीण युवाओं की तकदीर बदल रहा है। विकासखंड बकावंड के किंजोली गांव की ग्रेसी दुग्गा ने पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से आधुनिक सूकरपालन की मिसाल पेश की है। जो आज पूरे बस्तर के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है। आमतौर पर आज के युवा जहां नौकरियों के पीछे आकर्षित होते हैं वहीं ग्रेसी ने लीक से हटकर स्वरोजगार की राह चुनी। उसने 2023 में उत्तराखंड के देहरादून से बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई पूरी की। ग्रेजुएशन के बाद आगे मास्टर्स या पीएचडी की थ्योरिटिकल पढ़ाई करने के बजाय प्रैक्टिकल नॉलेज को तवज्जो दी और सीधे फार्मिंग सेक्टर में कदम रखने का फैसला किया। ग्रेसी ने मन बनाया था कि हॉर्टिकल्चर, सब्जी या फूलों की खेती में नहीं जाना है। बकरीपालन, कुक्कुटपालन और मछलीपालन जैसे व्यवसायों में प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा थी। इसके विपरीत जनजातीय समुदाय से आने के कारण उन्होंने देखा कि स्थानीय स्तर पर सूकर की खपत बहुत अच्छा है। लेकिन लोग इसे केवल घरेलू स्तर पर ही पालते थे कमर्शियल स्तर पर नहीं। इसी अंतर को भांपते हुए उन्होंने इसे बड़े स्तर पर व्यावसायिक रूप देने की ठानी।

बस्तर क्षेत्र में सूकरपालन की बढ़ती मांग को देखते हुए ग्रेसी को बड़े स्तर पर आधुनिक तकनीक के साथ व्यवसाय शुरू करने के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता की आवश्यकता थी। जिसे पशु चिकित्सा सेवायें के अधिकारियों ने पूरा किया। लागत एक करोड़ 12 लाख 10 हजार रुपए थी। इस बड़े प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने केंद्र सरकार की नेशनल लाइव स्टॉक मिशन योजना के अंतर्गत आवेदन किया। योजना के तहत उनके एग्रीकल्चर और विभिन्न ट्रेनिंग सर्टिफिकेट्स के आधार पर सेंट्रल लेवल कमेटी ने उनके प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। अनुसूचित जनजाति वर्ग से इस योजना में पहली बार आवेदन करने के कारण उन्हें विभाग तीस ▶▶|शेष पेज 10 पर



### नए स्टार्टअप शुरू करने प्रेरित कर रही

ग्रेसी के फार्म से उन्नत नस्ल के बच्चे की व्यावसायिक बिक्री अब शुरू हो चुकी है। इनके फार्म से रायपुर और लोकल बाजारों में सूकर सप्लाई की जा रही है। हाल ही में उन्होंने अपने फार्म से 65 सूकर को 6 हजार रुपए प्रति पिगलेट की दर से बेचकर 3 लाख 90 हजार रुपये की आय प्राप्त की है। वह खुद आत्मनिर्भर बनी हैं बल्कि बस्तर के अन्य पढ़े-लिखे युवाओं को भी कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में नए स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

# बोरवेल संचालक ग्राहक को वापस करे 70 हजारः फोरम

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता फोरम ने मंगलवार को एक प्रकरण में आवेदक को बोरवेल संचालक अदा की गई राशि 1 लाख 40 हजार रुपए में से 70 हजार रुपए वापस अदा करने एवं मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रुपए पृथक से अदा करेगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जायसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया है। मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता विपुल श्रीवास्तव ने पैरवी की।

जानकारी के अनुसार शहर निवासी अमित कुमार महापात्र ने सनसिटी जगदलपुर स्थित अपने स्वयं के प्लांट में समृद्धि बोरवेल्स जगदलपुर से बोरिंग कार्य करवाया था। बोरवेल में पानी आना बंद होने पर आवेदक ने इसकी शिकायत संचालक से की पर लंबे समय तक शिकायत का निराकरण न करने पर आवेदक ने जिला उपभोक्ता फोरम के समक्ष शिकायत पेश की। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बोरवेल संचालक नितेश सिंह तथा सौरभ मोटवानी द्वारा बोरिंग में उचित समय पर सुधार कार्य न कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया है। इस हेतु बोरवेल संचालक को आवेदक को मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रुपए पृथक से दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भर्ती वरिष्ठता क्रम मेरिट सूची जारी

**कोण्डागांव।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए वरिष्ठता क्रम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित जानकारी जिले की आधिकारिक वेबसाइट एवं सूचना पटल पर उपलब्ध करा दी गई है। विभाग द्वारा दावा–आपत्ति के निराकरण के बाद पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची तथा 15 एवं 1:10 वरिष्ठता क्रम मेरिट सूची जारी की गई है। इसके साथ ही लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं कंप्यूटर कौशल दक्षता परीक्षा की तिथि और समय भी घोषित कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी जिला कोंडागांव की आधिकारिक वेबसाइट तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर मेरिट सूची, परीक्षा कार्यक्रम एवं अन्य आवश्यक जानकारी का अवलोकन कर सकते हैं।

### फुकागिरोला हाईस्कूल में छात्राओं को मिली साइकिलें



**कोण्डागांव।** राज्य शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय हाई स्कूल फुकागिरोला में छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल मिलने से छात्रओं में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष हीरालाल मरकाम, ग्राम पंचायत फुकागिरोला के सरपंच अमीर लाल मरकाम, पालकगण एवं एसएमडीसी सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार देवांगन ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के लिए बेहद लाभकारी है। इससे विद्यालय आने–जाने की कठिनाइयाँ कम होंगी और बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्राओं से साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा को जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी बताया। कार्यक्रम में शिक्षक दाऊसिंह दीवान, झिटकूराम मरकाम, दिनेश कुमार ध्रुव एवं संकुल के सीएससी संतुराम वटी सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

# गौरगांव की सड़क जर्जर, स्वीकृत होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं

**लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी, विभाग से जल्द कार्य प्रारंभ कराने ग्रामीणों ने की मांग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

गनर से सटे हुए ग्राम गौरगांव की मुख्य सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत होने के बावजूद ठेकेदार की उदासीनता के चलते अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दिनों में इनमें पानी भर जाने से राहगीरों, स्कूली बच्चों, किसानों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद जल्द काम शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में निराशा और आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि ठेकेदार को तत्काल निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो ग्रामीण जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## समय-सीमा की बैठक में योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा

# पुनर्वासित परिवारों को योजनाओं का दिलाएं लाभ, रोड सेफ्टी टास्क फोर्स का कराएं गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं, निर्माण कार्यों एवं विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने को कहा गया।

कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा की समीक्षा करते हुए जिले में रोड सेफ्टी टास्क फोर्स के गठन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। पुनर्वासित परिवारों के सर्वे कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सर्वे समय–सीमा में पूरा कर सभी पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में निर्माण कायोंर् में लगे सभी श्रमिकों का श्रम पंजीयन सुनिश्चित करने, डायरिया रोकथाम के लिए जनजागरूकता बढ़ाने तथा सभी शासकीय विद्यालयों में वन विभाग से पौधे लेकर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए गए। ऑनलाइन उपस्थिति और कार्यालयीन अनुशासन की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने विभागों में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली शीघ्र लागू करने तथा सभी अधिकारियों–कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचकर अनुशासन का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### जनदर्शन में वनाधिकार पट्टा, शिक्षक खेल मैदान की मांग, समस्याएं भी बताई

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं और मांगें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम करण्डी के रैसिंह मण्डावी ने वनाधिकार पट्टा, ग्राम खण्डसरा के रामकरू सलाम ने प्राथमिक शाला में शिक्षक की नियुक्ति तथा ग्राम कुम्हारपारा के युवाओं ने खेल मैदान की मांग रखी। ग्राम गुमड़ी मुंडापारा के ग्रामीणों ने नए आंगनबाड़ी भवन, ग्राम बेलगांव नयापारा के हरिराम नाग ने शाला भवन की मरम्मत एवं बाउंड्रीवाल निर्माण तथा ग्राम निचिपारा कोलंगा के कुमार सिंह मरकाम ने निचिपारा–मड़कड़ा मार्ग पर नदी में पुल निर्माण की मांग की। इसके अलावा राजस्व प्रकरण, वनाधिकार पट्टा, सीसी सड़क निर्माण सहित विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिनके शीघ्र निराकरण के लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लंबित आवास जल्द पूरा कराएं

**कोण्डागांव।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने सोमवार को जनपद पंचायत कोण्डागांव में पंचायत सचिवों एवं अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने



लंबित आवासों का शीघ्र निराकरण कर समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रथम किस्त भुगतान से लंबित सभी प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने तथा हितग्राहियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि आवास निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आत्मसमर्पित नक्सल प्रभावित परिवारों के लिए स्वीकृत आवासों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सचिवों को हितग्राहियों से नियमित संपर्क बनाए रखने, निर्माण कार्य की सतत निगरानी करने और सभी स्वीकृत आवासों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उत्तम महोबिया, जिला समन्वयक मानव विश्वास, आवास समन्वयक तिलक शंकर सिन्हा सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी को समन्वित रूप से कार्य कर योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## पेड़ से गिरने से बुजुर्ग की मौत

**इमली की डाल काटते समय हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

माकड़ी ब्लाक के ग्राम कोसाहरदुली में मंगलवार को ईमली के पेड़ की डाल काटने के दौरान एक बुजुर्ग की पेड़ से गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम कोसाहरदुली निवासी 60 वर्षीय साधु राम नेताम ईमली के पेड़ पर चढ़कर उसकी डाल काट रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे नीचे कंक्रीट सड़क पर गिर पड़े। गिरने से उन्हें गंभीर अंदरूनी चोटें आईं।
परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर फरसगांव थाना पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर मामले को माकड़ी थाना क्षेत्र से संबंधित होने के कारण आवश्यक कार्रवाई की। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में दी गई कानूनी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

विधानसभा क्षेत्र के विश्रामपुरी में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने छात्राओं को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों, बाल संरक्षण कानूनों, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध, बाल श्रम निषेध, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, साइबर सुरक्षा तथा महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को /"गुड टच-बैड टच/", सुरक्षित एवं असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान, किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में बिना भय के अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती संध्या ध्रुव, अधिकार मित्र-लैला मरकाम, एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को आपातकालीन सहायता सेवाओं एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक, आत्मविश्वासी एवं सजग रहने का संदेश दिया गया। विशेषज्ञों ने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार एवं सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया।

## क्षमतापुर स्कूल में किया पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कोण्डागांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्षमतापुर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्राचार्य, शिक्षक–शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।



कार्यक्रम के दौरान नीम, पपीता, कटहल, अमरूद, करंज और आम सहित कई फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। विद्यार्थियों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पारिका यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधारोपण के साथ–साथ पौधों की नियमित देखभाल करने और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान किया।

**पेड़–पौधों के महत्व से कराया अवगत** – शिक्षकों ने विद्यार्थियों को वृक्षों के पर्यावरण, वर्षा, जैव विविधता और मानव जीवन में महत्व की जानकारी दी। साथ ही सभी से अपने घर और आसपास भी पौधे लगाने तथा दूसरों को प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने परिसर में लगाए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस पहल को पर्यावरण संरक्षण और हरित समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया गया।

## बैलगांव-आलोर मार्ग पर ईंधन से भरा टैंकर खेत में पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ फायर ब्रिगेड की सतर्कता से बड़ा हादसा टला

थाना क्षेत्र के बैलगांव-आलोर मार्ग पर मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे डीजल और पेट्रोल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर खेत में पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में चालक और परिचालक सुरक्षित रहे तथा कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, टैंकर ईंधन लेकर बेनूर की ओर जा रही थी। बैलगांव और आलोर के बीच अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे टैंकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। टैंकर में डीजल और पेट्रोल दोनों होने के कारण मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रही।



### राहत व बचाव कार्य से बड़ा हादसा टला

घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करते हुए स्थिति को नियंत्रण में रखा। इसके बाद क्रेन की सहायता से खेत में पलटी टैंकर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि हादसे के दौरान आगजनी, विस्फोट या ईंधन रिसाव जैसी कोई बड़ी घटना नहीं हुई। समय पर किए गए राहत एवं बचाव कार्य से एक बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## पेज 9 के शेष

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों...

चलाने, चिरायु योजना के तहत सभी स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा 15 अगस्त तक पात्र हितग्राहियों का एचपीवी टीकाकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन एवं राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रमों में भी तेजी लाने पर जोर दिया।

### घर की मुखिया विधवा...

है। लेकिन वर्तमान में मोहर्रिर द्वारा सभी से मुख्य सड़क के किनारे रहने वाले लोगों से लिया जाने वाला टैक्स 30 रुपए स्क्वायर फिट के हिसाब से ही टैक्स लिया जा रहा है। टैक्स की इस विसंगति के बारे में जब राजस्व अधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने इस प्रकार की विसंगति से इंकार किया और बताया अगर ऐसा किसी के साथ हुआ तो वे निगम आयुक्त को आवेदन देकर टैक्स में सुधार कर सकते हैं। उन्होंने कहा की घर की मुखिया अगर विधवा है तो उन्हें टैक्स में छूट है। लेकिन यह जानकारी अधिकतर लोगों को नहीं है। उनसे भी पूरा टैक्स मनमाने ढंग से लिया जा रहा है। लोगों में जानकारी का अभाव है जिससे विधवा मकान मालिक को भी पूरा टैक्स देना पड़ रहा है। ग्राउंड स्तर पर टैक्स लेने वाले कर्मचारी को इसकी जानकारी लोगों को देना चाहिए और टैक्स प्रक्रिया को आसान बनाना चाहिए।

### एनएच ने 2 माह पूर्व...

है और निर्माण कार्य की शुरूआत भी नहीं हो सका। साथ ही इसमें ऐसे पुल बनेंगे जिनके नीचे से वन्य प्राणी सहित हाथी भी आराम से आना-जाना कर सकें। बताया जा रहा है कि इसी सड़क के किनारे प्रभावित लगभग 250 पेड़ों को भी कटाई करना प्रस्तावित है।

**मार्ग में लोगों को रही परेशानी:** बताया जा रहा है कि इस सड़क की सिंगल होने के साथ जर्जर होने के चलते लोगों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है। साथ ही मार्ग में बारिश से फिसलन हो गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**स्वीकृति देने हो रही प्रक्रिया:** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के एसडीओ कमल तिवारी ने बताया कि सड़क की चौड़ीकरण के लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है, स्वीकृति देने की प्रक्रिया हो रही है। इस पर राष्ट्रीय राजमार्ग को शीघ्र ही स्वीकृति दी जाएगी।

### आत्मानंद विद्यालय बड़े...

उपलब्ध नहीं कराई गईं तो पालकों के साथ मिलकर विद्यालय में तालाबंदी की जाएगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय खुलने के बाद से लगातार छात्र-छात्राएं पाठ्यपुस्तकों की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें आवश्यक पुस्तकें नहीं मिल सकी हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अन्य जिम्मेदार अधिकारियों से कई बार चर्चा की गई। पिछले आठ दिनों से लगातार विभागीय अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया गया और शीघ्र पुस्तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की उदासीनता का खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। एक ओर सरकार शिक्षा के क्षेत्र में दावे कर रही है और विभिन्न मंचों पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही जाती है, वहीं दूसरी ओर वास्तविक स्थिति यह है कि बच्चे बिना पुस्तकों के पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

### ग्रेसी ने खड़ी की एक...

लाख रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। ग्रेसी के मुताबिक यदि उन्हें यह सरकारी अनुदान न मिलता तो वह निजी स्तर पर महज 20 से 25 सूकरों के साथ छोटे पैमाने पर शुरूआत कर पातीं, लेकिन इस सब्सिडी ने हौसलों को उड़ान दी और आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ अपने बड़े फार्म की शुरूआत की। पशुपालन विभाग के चिकित्सकों और कृषि वैज्ञानिकों की देखरेख में फार्म में उन्नत नस्ल के सूकर लाए गए और उनके उचित टीकाकरण व खान-पान का विशेष ध्यान रखा गया। ग्रेसी इन उन्नत नस्ल के सूकरों को तमिलनाडु से लेकर आईं। फार्म की शुरूआत मई 2025 में 110 प्रजनन योग्य सूकरों के साथ हुई थी, जिसमें 100 मादा और 10 नर सूकर शामिल थे। चूंकि वे शुरूआत में छोटे बच्चे लेकर आए थे, इसलिए उन्हें बड़ा करने और फिर ब्रीडिंग कराने में करीब एक साल का समय लग गया। इस दौरान कुछ जानवरों की मृत्यु भी हुई लेकिन आधुनिक प्रबंधन का परिणाम यह रहा कि जून 2026 तक फार्म में 202 वयस्क प्रजनन सूकर के साथ-साथ करीब 206 बच्चे तैयार हो गए हैं और वर्तमान में फार्म में 400 से ज्यादा सूकर मौजूद हैं। इस व्यवसाय की अच्छी शुरूआत के साथ उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित करती है।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नेगीगुड़ा की शशिरेखा बनी लखपति दीदी



**जगदलपुर।** नेगीगुड़ा गांव की शशिरेखा सेठिया ने 2017 में बिहान के अंतर्गत संचालित जय मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह से जुड़कर स्वावलंबन यात्रा की शुरूआत की। उन्होंने ग्राम संगठन से 60 हजार रुपए का ऋण प्राप्त कर मक्के की खेती शुरू की, जिसने उनके भीतर उद्यमिता की एक नई उम्मीद जगाई। पारंपरिक फसलों से आगे बढ़ते हुए कृषि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और बिहान से मिली सीख के बल पर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाया। बेहतर आय की संभावना को देखते हुए उन्होंने खीरा और टमाटर जैसी नकदी एवं उन्नत सब्जियों का उत्पादन शुरू किया। उनकी दिन-रात की कड़ी मेहनत और सही समय पर लिए गए निर्णयों का परिणाम यह रहा कि फसल उत्पादन में लगातार वृद्धि होती गई और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती चली गई। आज इस उन्नत खेती के दम पर सालाना 5 लाख से 8 लाख रुपए तक की आय अर्जित कर रही हैं।

### अब बच्चों को मिलेगी बेहतर सुविधाओं के साथ शिक्षा



**बीजापुर।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, बीजापुर द्वारा विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत बेलनार में नवीन प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इंद्रावती नदी के समीप स्थित यह गांव ग्राम पंचायत मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर है। लंबे समय तक विद्यालय भवन के अभाव में यहां के बच्चों को कच्ची पाठशाला एवं अस्थायी शेड के नीचे पढ़ाई करनी पड़ती थी, जिससे उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।
शिक्षा विभाग (डीपीआई) के अंतर्गत नवीन प्राथमिक शाला भवन, बेलनार (भैरमगढ़) की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।

## निधन

### शरददेवी रथ



**जगदलपुर।** भगत सिंह वार्ड पथरागुड़ा निवासी शरददेवी रथ (90) पति स्वर्गीय वासुदेव रथ का आज सुबह 9 बजे निधन हो गया। तबियत बिगड़ने पर सुबह 6 बजे परिजन अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किए। उपचार के दौरान निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार दोपहर 1.30 बजे प्रवीर वार्ड के खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह श्याम सुंदर, बालमुकुंद, बृजमोहन और श्रीनिवास रथ की माता थी। वे आपने पीछे 4 पुत्र 2 पुत्री समेत नाती पोतों से भरा परिवार छोड़ गई।

# गांव की खुशहाली के लिए सरहद पार छोड़े जाते हैं क्लेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मददेड़

बस्तर अंचल के बीजापुर जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मददेड़ में पारंपरिक आस्था, लोक संस्कृति और अनूठी विरासत का प्रतीक गम्पा जातरा (गाम देवी जातरा) पर्व श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सदियों पुरानी इस धार्मिक परंपरा को लेकर बुजुर्गों और ग्रामीणों में आज भी अटूट विश्वास और अगाध श्रद्धा है।

- वर्षा ऋतु से पूर्व आयोजन और सर्वधर्म समभाव की मिसाल
- पीढ़ियों पुरानी परंपरा जनसहयोग से भव्य आयोजन

यह ऐतिहासिक पर्व हर वर्ष वर्षा ऋतु के आगमन से कुछ दिन पहले आयोजित किया जाता है ताकि आने वाली खेती-किसानी का सीजन बेहतर रहे। इस महापर्व की सबसे खूबसूरत विशेषता यह है कि इसमें किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होता। गांव के सभी जाति और धर्मों के लोग पूरी आस्था के साथ माता के पूजन में बढ़-चढ़कर शामिल होते हैं और अपनी सहभागिता निभाते हैं।

55 वर्षीय ग्रामीण किस्तेया मोरला ने इस परंपरा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह गम्पा जातरा हमारे जन्म से भी पहले, हमारे पूर्वजों के समय से यानी कई पीढ़ियों से इसी तरह निरंतर मनाई जा रही है। महापर्व के सफल संचालन के लिए किसी बाहरी या सरकारी मदद के बजाय, गांव के हर एक घर से आपसी सामंजस्य के साथ चंदा (स्वैच्छिक दान) इकट्ठा किया जाता है। यह सामूहिक सहभागिता ग्रामीण स्तर पर आज भी एकता को दर्शाती है।

## मददेड में आस्था का महापर्व, पीढ़ियों से चली आ रही गम्पा जातरा की अनूठी परंपरा



### तेलुगु संस्कृति में मारेयम्मा माता के रूप में पूजनीय

भव्य जातरा में मुख्य रूप से ग्राम देवी की आराधना की जाती है। स्थानीय भाषा और तेलुगु प्रभाव वाले इस सीमावर्ती क्षेत्र में इन्हें मारेयम्मा माता के नाम से जाना और बड़ी श्रद्धा से पूजा जाता है। गांव के पारंपरिक ग्राम देवी पुजारी, जिन्हें स्थानीय व्यवस्था में पेरमा (पेरमेहया) कहा जाता है, उनके द्वारा विधि-विधान, पारंपरिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के साथ माता की पूजा-अर्चना संपन्न कराई जाती है। हर वर्ष इस अवसर पर माता की पूजा धूमधाम से की जाती है।

### सुख-शांति, समृद्धि और रोग-दोष से मुक्ति

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली विशेष पूजा के पीछे ग्रामीणों की गहरी आध्यात्मिक और लोक कल्याणकारी सोच छिपी हुई है। माता मारेयम्मा की आराधना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्राम के समस्त ग्रामीणों, छोटे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य की रक्षा हो। पालतू पशुओं, मवेशियों और जानवरों में किसी भी प्रकार की महामारी या बीमारी न फैले।खेतों और खलिहानों की सुरक्षा हो ताकि फसल की पैदावार अच्छी हो। गांव में किसी प्रकार का कोई रोग, विकार, संकट या प्राकृतिक आपदा न आए। क्षेत्र में खुशहाली, सुख-शांति बनी रहे और कृषि कार्य के लिए बरसात पूर्ण रूप से और समय पर हो।

### क्लेश और कचरा बाहर करने की अनूठी रस्म

इस पर्व की सबसे अनूठी और ऐतिहासिक विशेषता यह है कि ग्रामीणों की मान्यता के अनुसार, घर-परिवार की हर परेशानी, बीमारी, आपसी कलह और नकारात्मक ऊर्जा को भौतिक रूप से घर से बाहर निकाला जाता है। इस पूजा में घर-घर से प्रत्येक व्यक्ति की यही सोच होती है कि उनके जीवन की हर मुसीबत दूर हो जाए। स्थानीय स्तर पर और तेलुगु भाषा में इस क्लेश या संकट को पीड़ा या गतर कहा जाता है। इस पीड़ा को दूर करने के लिए प्रत्येक परिवार अपने घर से फटा हुआ टोकना (बांस की पुरानी टोकरी) पुरानी रस्सी, टूटा या घिसा हुआ झाड़ू (चटा झाड़ू), छोटा सा बांस नुमा टुकड़ा और उस पर बंधा कपड़े का झंडा इन सभी सामग्रियों को अपने-अपने घर के क्लेश, पीड़ा और दरिद्रता का प्रतीक मानकर ग्रामीण बड़ी आस्था के साथ अपने घरों से ले जाकर मंदिर प्रांगण में एक निश्चित स्थान पर लाकर रखते हैं।

### बाजे-गाजे के साथ सरहद पर विसर्जन और समापन

पूजा के अंतिम और मुख्य चरण में मंदिर समिति के सदस्यों और ग्रामीणों द्वारा एकत्रित सामान (प्रतीकात्मक कचरे और क्लेश) को एक जगह जमा किया जाता है। इसके बाद पारंपरिक बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों और वाद्य यंत्रों की थाप पर भारी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा-पाठ आरंभ किया जाता है। इस पूरे प्रतीकात्मक क्लेश और कचरे को जुलूस की शक्ल में गांव की सरहद पर ले जाया जाता है। सरहद पर दो बांस गाड़कर और आम के पत्तों का सुंदर तोरण बनाकर एक द्वार तैयार किया जाता है। इसके बाद पूरे विधि-विधान के साथ गांव-गांव के क्लेश (पीड़ा/गतर) और कचरे को सरहद के पार (बाहर) छोड़ दिया जाता है और इसी के साथ पूजा का समापन होता है। ग्रामीणों का दृढ़ विश्वास है कि इस रस्म के बाद गांव की सीमा के भीतर कोई भी बीमारी, बुरी शक्ति या संकट प्रवेश नहीं कर पाता और पूरा गांव साल भर खुशहाल और सुरक्षित रहता है।

# सरपंच के नेतृत्व में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



चित्रकोट जलप्रपात परिसर में ग्राम पंचायत चित्रकोट के सरपंच भंवर मौर्य के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे नीट सहित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल आयोजित की गई।

भूख हड़ताल के उपरांत राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार, लोहंडीगुड़ा को सौंपा गया।

- राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

ज्ञापन में शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार, विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा, परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन के समर्थन का भी उल्लेख किया गया।

इस आंदोलन को भारतीय किसान यूनियन, (टिकैत) बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा, इंद्रावती बचाओ संघर्ष समिति, भीम आर्मी, सर्व आदिवासी समाज एवं आदिवासी युवा छात्र संगठन सहित अनेक सामाजिक एवं जन संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में कांकेर जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त कोंडागांव, नारायणपुर, बालोद, दरभा, तोकापाल, नगरनार, बकावंड एवं बस्तर ब्लॉक से बड़ी संख्या में युवा साथी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल हुए। विभिन्न यूट्यूबर एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भी आंदोलन को अपना समर्थन दिया। सरपंच भंवर मौर्य ने कहा कि देश के लाखों युवाओं का भविष्य सर्वोपरि है। यदि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं, तो इसकी निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अनिवार्य है।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। हमारा आंदोलन विद्यार्थियों के भविष्य, पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था और संविधान प्रदत्त समान अवसर की रक्षा के लिए है। इंद्रावती बचाओ संघर्ष समिति के संभागीय अध्यक्ष लखेश्वर बघेल ने कहा कि, शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताएं युवाओं के विश्वास को कमजोर कर रही हैं। सरकार को परीक्षा प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता लाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

भीम आर्मी के प्रतिनिधि सोहेल नाग ने कहा कि, संविधान प्रत्येक छात्र को समान अवसर और निष्पक्ष प्रतियोगिता का अधिकार देता है।

यदि परीक्षाएं निष्पक्ष नहीं होंगी तो मेहनती विद्यार्थियों के साथ अन्याय होगा। भीम आर्मी विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा के लिए इस आंदोलन के साथ मजबूती से खड़ी है और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे सहित सभी मांगों का समर्थन करती है।

# छात्रों पर अत्याचार नहीं सहेगा देश

## दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देश पर जिला युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई ने दिल्ली में छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। दिल्ली में अपने अधिकारों की आवाज बुलंद कर रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा किया गया बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला है। छात्रों की आवाज को डंडे के बल पर दबाने का हर प्रयास निंदनीय है।

इस अन्याय के विरोध में आज सुकमा में आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने छात्रों के सम्मान, उनके अधिकारों और न्याय की लड़ाई में अपनी आवाज बुलंद करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष ऋषभ चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार छात्र विरोधी है। शिक्षा, रोजगार और हक की मांग करने वाले छात्रों पर लाठी चलवाना तानाशाही है। युवा कांग्रेस इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यक्रम में जिला युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एकता फाउंडेशन ने 30 दिव्यांग बच्चों को आवश्यकता के अनुसार दिया सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



मंगलवार को एकता फाउंडेशन द्वारा इन्क्लुड परियोजना के तहत हैंडीकैप इंटरनेशनल के रणनीतिक सहयोग से केशापुर ग्राम पंचायत स्थित एकता कार्यालय में सहायक उपकरण एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 30 दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार व्हीलचेयर, रोलैटर, ईवी ट्राइसाइकिल, शिक्षण-अधिगम सामग्री तथा अन्य अनुकूलित सहायक उपकरण वितरित किए गए। इन उपकरणों का उद्देश्य बच्चों की शिक्षा, गतिशीलता एवं दैनिक जीवन में स्वावलंबन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुचित्रा लेखरा, सामाजिक कल्याण अधिकारी रहीं। इस अवसर पर केशापुर के सरपंच नीलू कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष पी. डी.हरीश तथा एकता फाउंडेशन के सचिव डॉ. जगन्नाथ मिश्रा सहित अभिभावक उपस्थित रहे। अतिथियों ने एकता फाउंडेशन एवं हैंडीकैप इंटरनेशनल के इस प्रयास की सराहना करते हुए दिव्यांग बच्चों के समावेशी विकास और शिक्षा के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए विभागों को सौंपे गए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम आगामी स्वतंत्रता दिवस के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक तैयारियां के रूप रेखा के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। इसके अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस का दंतेवाड़ा में गरिमामय पूर्ण रूप से आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा पुलिस एवं नगर सैनिकों की टुकड़ियों द्वारा सलामी ली जाएगी। मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन हेतु पूर्व की भांति अन्य विभागों को दायित्व सौंपे गये। जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद पंचायत अध्यक्ष और नगरी निकायों में नगरीय निकायों के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। तथा स्कूली बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे साथ ही सभी शासकीय भवनों, स्मारकों में रोशनी की जाएगी। अन्य वर्ष की तरह शासकीय भवनों, ऐतिहासिक स्थानों के साथ-साथ निजी संस्थानों में भी राष्ट्रीय झंडा वंदन होगें।

बैठक में इसके अलावा आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन की आवश्यक रूपरेखा तैयार कर विभागवार दायित्व सौंपा गया। इसके अन्तर्गत मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन, उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने, कार्यक्रम में पेयजल, चिकित्सा, स्वल्पाहार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों,, मंच स्थल की साज-सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएचई, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यानिकी, वन विभाग, आदिम जाति विभाग, जिला पंचायत, खाद्य विभाग को दायित्व सौंपे गए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने समय सीमा सीएम हेल्पलाइन सेवा सेतु के अंतर्गत विभागों को प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण के संबंध में कहा कि सभी विभाग प्रमुख समय सीमा से बाहर हो चुके आवेदनों का तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। क्योंकि निर्धारित समय सीमा के आवेदन डैशबोर्ड पर दर्शित होंगे और अनिराकृत आवेदन वरिष्ठ कार्यालय में स्वमेव ही प्रेषित हो जाएगे। इसलिए सभी विभाग प्रमुख इस तथ्य के प्रति सचेत रहे।



# 39 हितग्राहियों को मिला स्वीकृति प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नगर पंचायत बस्तर में सोमवार को सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई। बैठक के पश्चात नगर पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत स्वीकृत 109 हितग्राहियों में से 39 हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान कर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करने की अनुमति दी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे,उपाध्यक्ष अनिल परिहार एवं नेता प्रतिपक्ष समीर मिश्रा ने हितग्राहियों को प्रमाण पत्र सौंपे। अध्यक्ष देवकी भद्रे ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता हर गरीब को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। सभी स्वीकृत हितग्राही निर्धारित समय-सीमा में अपने आवास का निर्माण पूर्ण करें, जिससे उन्हें योजना का लाभ समय पर मिल सके। पदाधिकारियों ने बताया कि शेष 70 हितग्राहियों को भी चरणबद्ध तरीके से जल्द ही प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की समस्या आने पर हितग्राही सीधे नगर पंचायत कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान नगर पंचायत के समस्त पार्षद, एल्डरमेन, सीएमओ, अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार जरूरी: वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





कुर्मी समाज ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्न दृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती रविवार को हाटगुड़ा स्थित कुर्मी समाज के भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाई। शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ. खूबचंद बघेल के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के गायन के साथ किया गया।

- कुर्मी समाज ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

इस अवसर पर बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें कविता पाठ एवं उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को समाज की ओर से प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष वर्मा एसडीएम एवं अध्यक्षता समाजसेवी योगेन्द्र कौशिक ने की।

कौशिक ने कहा कि वर्तमान में संगठन में ही शक्ति निहित है। बस्तर में कुर्मी समाज को अधिक मजबूत एवं संगठित करने पर बल देते हुए कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल स्वतंत्रता सेनानी और सांसद के रूप में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और आजीवन समाज को संगठित एवं मजबूत करने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे स्कूली जीवन में ही अपना लक्ष्य बना लें और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अथक परिश्रम करें। पढ़ाई में अगर किसी प्रकार की कोई समस्या आती है तो समाज उसका समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर हैं। इस अवसर पर मनीष वर्मा ने कहा कि आज के समय में बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छा संस्कार बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि वीर छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे कुर्मी वंश के हैं, हम ऐसे महान योद्धा के वंशज हैं। हम संघर्ष करेंगे, लडेंगे और जीतेंगे भी। हम हार मानने वालों में से नहीं हैं।

बस्तर में कुर्मी समाज को संगठित करने तथा मजबूत बनाने आह्वान किया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक जेपी कौशिक तथा उपाध्यक्ष मनोज चंद्रा एवं बीरेन्द्र दिल्लीवार ने संबोधित किया। संचालन रामेश्वर चन्द्रा तथा आभार संतोष वर्मा ने माना।

**न्यायालय नायब तहसीलदार जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र.202607152500065/ ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कुमारी ध्रुव पति सुखलाल निवासी शहीद गुडांधुर वार्ड तहसील जगदलपुर के द्वारा अपने मां स्व. श्रीमती सोमारी बाई पति स्व. बीपत की मृत्यु दिनांक 15/10/2005 को होने मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय की पेशी तिथि 04/08/2026 के पूर्व न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की प्रस्तुत आपत्तियों पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा आज दिनांक 20/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### बस्तर जिला फुटबॉल संघ का चुनाव स्थगित

**जगदलपुर।** बस्तर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राणा घोष ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आगामी 26 जुलाई को होने वाला संघ का चुनाव स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ फुटबाल एसोशिएसन के निर्देश पर चुनाव प्रक्रिया स्थगित की गई है। नियमावली में परिवर्तन पश्चात ऑल इंडिया फुटबाल फेडरेशन के संविधान के अनुच्छेद 15 के नियमों के अनुरूप विधिवत चुनाव कराने निर्देशित किया गया है।

### तेंदूपत्ता नीलामी में वर्षों बाद बना रिकॉर्ड



**बीजापुर।** वर्ष 2026 के तेंदूपत्ता संग्रहण एवं नीलामी में बीजापुर वनमण्डल एवं जिला यूनियन ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की हैं। शासन की नवीन तेंदूपत्ता नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, संग्राहकों की मेहनत तथा वन विभाग की सतत निगरानी एवं गुणवत्तापूर्ण संग्रहण के परिणामस्वरूप इस वर्ष विभागीय संग्रहित तेंदूपत्ता नीलामी में रिकॉर्ड दर प्राप्त हुई हैं। यह कई वर्षों में बीजापुर के लिए सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक हैं। जिला यूनियन बीजापुर की 28 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के अंतर्गत 45 तेंदूपत्ता लॉटों में विभागीय संग्रहण कार्य कराया गया। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर द्वारा आयोजित निविदा में तेंदूपत्ता व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिले के 45 तेंदूपत्ता लॉटों में से 36 लॉटों के लिए निविदाएं प्राप्त हुई। जो बीजापुर के तेंदूपत्ता की उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं प्रभावी प्रबंधन का प्रमाण हैं। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को आगे मिलेगा भारी बोनस एवं संघ द्वारा संचालित योजनाओं बीमा एवं छात्रवृत्ति का लाभ- वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण से लेकर उपचारण, भण्डारण एवं नीलामी तक प्रत्येक चरण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया। यह सफलता वनविभाग, प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों, स्थानीय तेंदूपत्ता संग्राहकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं।

### आंकड़ों के संकलन व संचयन की प्रक्रिया शुरू

**जगदलपुर।** ग्राम एवं नगर निर्देशिका आंकड़ों के संकलन एवं संचयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस राष्ट्रीय कार्य को समयबद्ध और त्रुटिरहित निष्पादित करने के लिए बस्तर जिले में क्षेत्र पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आकाश छिकारा के निदेर्शानुसार इस अभियान के तहत आंकड़े जुटाने का मुख्य फील्ड कार्य अगस्त-सितंबर में संपादित किया जाएगा। सभी क्षेत्र पदाधिकारियों का यूजर आईडी 23 जुलाई से पहले तैयार कर लिया जाएगा। जनगणना निदेशालय द्वारा जारी संशोधित समय-सारणी के अनुसार बस्तर जिले के विभिन्न तहसीलों और नगरीय क्षेत्रों के प्रशिक्षण हेतु तिथि, स्थान और प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित कर दी गई है। इसके तहत 27 जुलाई को तहसील जगदलपुर, बस्तर नगर पंचायत और जगदलपुर नगर निगम के 21 प्रतिभागियों का प्रशिक्षण कलेक्टोरेट के आस्था हॉल में आयोजित किया जाएगा।

### जिपं सीईओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम. भार्गव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों को सभी निर्माण एवं विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम पंचायत झोड़ियाबाड़म में आत्मसमर्पित नक्सल प्रभावित परिवारों के लिए निर्मित 19 आवासों का अवलोकन किया गया। यहां उन्होंने अधिकांश आवासों का ढलाई कार्य पूर्ण पाया गया, जबकि प्लास्टर एवं अन्य शेष कार्यों को एक माह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए।

---

चार जिले के 150 अधिकारी व कर्मचारी हुए अधिक पारंगत

# डायल 112 के कर्मियों को कार्यशाला में मिला आपातकालीन उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



चार जिले के डॉयल 112 के अधिकारी व कर्मचारियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में आपातकालीन वाहनों में स्थापित आधुनिक उपकरणों के संचालन और कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

पुलिस मुख्यालय रायपुर के मार्गदर्शन व एसपी शलभ सिन्हा के निर्देशव एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में डायल 112 (फेज-2 नेक्स्ट जेन) से जुड़े बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 20 एवं 21 जुलाई को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई थी। शौर्य भवन लालबाग में आयोजित इस प्रशिक्षण में कुल 150 अधिकारी व कर्मचारियों को आपातकालीन वाहनों में स्थापित आधुनिक उपकरणों के संचालन और कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

- पीएफटी, मोबाइल, पीटीजेड कैमरा, डैश कैमरा व अन्य उपकरणों के उपयोग की दी गई जानकारी

प्रशिक्षण में सी डैक के मास्टर ट्रेनर विकास तिवारी एवं गोविंदा ने प्रतिभागियों को पीएफटी, मोबाइल, पीटीजेड कैमरा, डैश कैमरा सहित अन्य तकनीकी उपकरणों के व्यवहारिक उपयोग का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि डायल 112 एकीकृत आपातकालीन सेवा है जिसके माध्यम से पुलिस, एंबुलेंस और अग्निशमन सेवाएं एक ही नंबर पर उपलब्ध कराई जाती हैं। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक 112 डायल कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यशाला में घटनास्थल तक शीघ्र पहुंचने, रिस्पांस टाइम कम करने, जीपीएस आधारित लोकेशन ट्रैकिंग तथा आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

इस दौरान आपातकालीन वाहनों में लगे पीटीजेड कैमरों एवं अन्य तकनीकी उपकरणों की नियमित जांच, संचालन और रखरखाव संबंधी आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

#### नागरिकों को सेवा उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्यः एसपी

एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य डायल 112 से जुड़े कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर आम नागरिकों को अधिक प्रभावी एवं निर्बाध आपातकालीन सेवा उपलब्ध कराना है। दो दिवसीय कार्यशाला में बस्तर जिले से डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन, डीएसपी साइबर सेल अमित देवांगन, आरआई व यातायात निरीक्षक मधुसूदन नाग, डीसीसी बस्तर प्रभारी निरीक्षक सूरित सारथी, एसआई हंस कुमार ठाकुर, एएसआई दूरसंचार मनोज कुमार भोई, एमटी महबूब खान, बीजापुर से डीएसपी शरद जायसवाल, डीसीसी प्रभारी एसआई विद्याभूषण भारद्वाज, दंतेवाड़ा से डीसीसी प्रभारी एसआई किशोर कुमार जोशी, डीसीसी प्रभारी निरीक्षक आशीष वासनिक के अलावा ईआरवी, थाना, चौकी, रक्षित केंद्र, यातायात शाखा, वाहन शाखा तथा हाईवे पेट्रोलिंग स्टाफ ने कार्यशाला में भाग लिया।

---

# नेत्र परीक्षण के बाद चश्मा मिलते ही खिले चेहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर/ भोंड

विकासखंड बस्तर के उच्च प्राथमिक शाला भुरसुण्डी में स्कूली छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। परीक्षण के दौरान कई बच्चों ने पढ़ाई करते समय धुंधला दिखाई देने और दूर के शब्द स्पष्ट न दिखने की समस्या बताई। जांच के बाद जिन विद्यार्थियों की दृष्टि में कमी पाई गई, उन्हें तत्काल चश्मे वितरित किए गए। नेत्र परीक्षण के दौरान छात्र धनसाय भारती, विजय मौर्य, मनीषा तथा गोवर्धन कश्यप को पढ़ाई के दौरान दृष्टि संबंधी समस्या पाई गई। नेत्र सहायकों ने जांच उपरांत उन्हें चश्मा प्रदान किया। चश्मा पहनते ही बच्चों को पुस्तक के अक्षर स्पष्ट दिखाई देने लगे और पढ़ाई में आ रही कठिनाई दूर हो गई। बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान और उनकी आंखों में झलकती खुशी इस पहल की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण बनी।

- अब साफ दिखेगी पढ़ाई की दुनिया

संस्था में दर्ज कुल 68 विद्यार्थियों में से 59 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही, जिनका नेत्र परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों की दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।

इस अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारी तिलक नाग,योगिता नाग, संस्था प्रभारी शैलेन्द्र तिवारी, शिक्षिका रश्मि नेताम, हेमलता कश्यप, शिक्षक भूतेश्वर पांडे एवं लोकेश रावटे सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

---

# शिक्षकों को अतिरिक्त अर्जित अवकाश देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला बस्तर के द्वारा संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव तथा जिला अध्यक्ष संजय चौहान के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल से भेंट कर बस्तर जिले के समस्त शिक्षकों को अतिरिक्त अर्जित अवकाश देने संबंधी आदेश शीघ्र जारी करने की मांग की गई।

- जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल से भेंट कर रखी अपनी मांग

संघ के ज्ञापन अनुसार गत वर्ष 2025 में ग्रीष्मावकाश अवधि में सुशासन तिहार के मध्य नजर कलेक्टर बस्तर के द्वारा 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक अवकाश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा गया था। जिले के शिक्षक भी ग्रीष्म अवकाश अवधि में सुशासन तिहार में अपने-अपने क्षेत्रों में उपस्थित रहे। इसी प्रकार वर्तमान में जनगणना 2026 में भी कई शिक्षक ग्रीष्म अवकाश में जनगणना कार्य किए हैं। इसलिए शासन के नियमों के अनुसार ग्रीष्म अवकाश के दौरान किए गए कार्य एवज में एक तिहाई अतिरिक्त अर्जित अवकाश के आदेश शीघ्र जारी किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी से भेंट के दौरान बस्तर विकास खंड के अध्यक्ष रमेश शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष राम प्रभाकर मिश्रा, जीएल यादव, राजेंद्र पांडे, निराकार प्रसाद आचार्य, संजय वैष्णव, रामजी मामड़ीकर, तारा सिंह फुटान, दिलीप सोरी, सतेंद्र दुबे, अशोक मरकाम आदि संगठन के पदाधिकारी शामिल रहे।

---

# एकजुटता के साथ समर्पण भाव से संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



लोहण्डीगुड़ा मंडल के गढ़िया शक्ति केंद्र में भाजपा के बूथ अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों की मासिक बैठक हुई। बैठक प्रभारी अजय बघेल के साथ गढ़िया शक्ति केंद्र प्रभारी भरत कश्यप उपस्थित थे। बैठक में बूथ सशक्तिकरण, संगठन विस्तार एवं आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। सभी कार्यकर्ताओं के साथ कार्ययोजना तैयार कर उसे शीघ्र प्रभावी रूप से करने का आग्रह किया गया। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को ग्रामवासियों तक पहुंचाने के विषय पर चर्चा की गई। भरत ने एकजुटता के साथ मिलकर पार्टी के कार्य उद्देश्य को समर्पण भाव से करने की बात कही। गम्भीरता के साथ पार्टी की कार्य उद्देश्य को लेकर बूथ से लेकर आवश्यक सभी स्तर पर मिलकर कार्य करने की बात कही वही शक्ति केंद्र प्रभारी भरत ने पार्टी के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण बताते हुए पार्टी की नीति एवं रीति के अनुकूल शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक मिलकर पहुंचने की बात कही। इस दौरान बोंजाराम मौर्य, सुदरू सेठिया, निरंजन बघेल, धनसिंह ठाकुर, अर्जून यादव,डमरू मण्डावी, चेतन ग्वाल, कमलदेव कश्यप,सामनाथ, झूलूराम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

- सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने की बनी रणनीति

---

विधानसभा में सरकार ने स्वीकार की जल जीवन मिशन की विफलता

# बस्तर के 173 में से केवल 51 गांवों में जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा



छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने जल जीवन मिशन की बदहाल स्थिति को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विधानसभा में दिए गए स्वयं सरकार के जवाब ने भाजपा सरकार के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में दिए गए उत्तर के अनुसार बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 135 ग्राम पंचायतों के 173 गांवों में जल जीवन मिशन के तहत 177 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं इनमें से आज तक केवल 53 योजनाएं पूर्ण हो सकी हैं, जबकि 124 योजनाएं अभी भी अधूरी हैं। सबसे गंभीर तथ्य यह है कि 173 गांवों में से केवल 51 गांवों में ही नल के माध्यम से जल प्रदाय प्रारंभ हो सका है, अर्थात 122 गांव आज भी इस सुविधा से वंचित हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा कर रही है बस्तर एवं बकावंड विकासखंड के लिए लगभग 306 करोड़ रुपये की योजनाएं स्वीकृत हुईं, लेकिन धरातल पर अपेक्षित परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। सरकार स्वयं स्वीकार कर रही है कि 183 आरसीसी टंकियों में से केवल 111 टंकियां पूर्ण हुई हैं और मात्र 51 टंकियों से ही जल आपूर्ति शुरू हो पाई है।

बघेल ने कहा कि सरकार ने जवाब में यह भी स्वीकार किया गया है कि 103 गांवों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा होने के बावजूद पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है, इसका अर्थ है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी ग्रामीणों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार ने यह भी स्वीकार किया है कि 17 नलकूप असफल रहे तथा कई गांवों में भू-जल की समस्या के कारण कार्य प्रभावित हुआ ऐसी परिस्थितियों में वैकल्पिक व्यवस्था करना सरकार की जिम्मेदारी थी, लेकिन सरकार समय रहते प्रभावी कदम उठाने में असफल रही। सरकार एक ओर दावा कर रही है कि ठेकेदारों को करीब 98.96 करोड़ रुपये (9896.81 लाख) का भुगतान किया जा चुका है, वहीं दूसरी ओर अधिकांश गांव आज भी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं यह स्पष्ट करता है कि सरकार की प्राथमिकता जनता नहीं बल्कि केवल कागजी उपलब्धियां गिनाना है।

---

# डीएवी क्लस्टर-6 के बीच हुई खेल स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर




डीएवी क्लस्टर-6 के अंतर्गत बस्तर, कोंडागांव एवं गरियाबंद जिलों के 15 डीएवी विद्यालयों की अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग की अंतर-विद्यालयीन खेल प्रतियोगिता का आयोजन धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम कश्यप रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि के स्वागत गीत, मशाल प्रज्वलन, राज्य गीत एवं डीएवी गान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावनाएवं खेल संस्कृति को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डीएवी स्कूल बस्तर जोन के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी शैलेश कुमार ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में खिलाड़ियों को खेलों में अनुशासन, समर्पण एवं निरंतर अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, नकटी सेमरा की खिलाड़ी खुशबू बघेल ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्यालय के सत्यम सिंह ने अंडर-17 वर्ग की 400 मीटर दौड़ एवं ऊंची कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन आयोजन समिति, सभी डीएवी विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों एवं सहयोगी कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ।

---

किसान,मजदूर और आम जनता की समस्याओं पर दी आंदोलन की चेतावनी

# कांग्रेस ने नगरनार में ग्रामीणों से संवाद कर सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस के चलाए जा रहे मिशन गांव चलो अभियान के तहत नगरनार क्षेत्र के माड़पाल बाजार में कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने खेती-किसानी, सिंचाई, सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही परेशानियों से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याओं का लंबे समय से निराकरण नहीं हो पाया है। जिसके कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बेहतर सड़क एवं बिजली व्यवस्था, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तथा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने सहित विभिन्न मांगें रखीं। सुशील मौर्य ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों एवं समस्याओं को संबंधित विभागों, जिला प्रशासन एवं सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, लेखन बघेल, रविशंकर तिवारी,अमित पांडे, बलराम कोकोड़ू, भोजराज नाग, राजेश कश्यप,संजय नाग, सेक्टर अध्यक्ष गंगाराम सोहनलाल, प्रभदास नाग, शिवप्रसाद, चिगड़ू, गोविंदा बघेल, हीरालाल, निलाधर, सम्पतसिंग, घोनो, रायमणिनाग,विमल यदोव, संजय, सुकमती कस्यप, हरिदास, बलिराम, डमरधर, मुकता,हस्ती कुहर, गुजी बेस, जगत बेस, खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

